CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ॐ

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

श्री महाकवित्रिविक्रमभट्टविरचित

नलचम्पू

(प्रथम उच्छ्वास)

(संस्कृत-हिन्दी व्याख्या सहित)

सम्पादक, व्याख्याकार, अनुवादक

श्री धारादत्तशास्त्री

साहित्य-वेदान्ताचार्य साहित्यरत्न

Bhawan's Sri Sankaracharya Sanskrit Vidya Bharatiya ★ Mahavidyalaya
555

मोतीलाल बनारसीदास

दिल्ली, मुम्बई, चेन्नई, कलकत्ता, बंगलौर,
वाराणसी, पुणे, पटना

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

प्रथम संस्करण : वाराणसी, १९७६
पुनर्मुद्रण : दिल्ली, २०००

© मोतीलाल बनारसीदास

मोतीलाल बनारसीदास
४१ यू०ए० बंगलो रोड, जवाहर नगर, दिल्ली ११० ००७
२३६ नाइंथ मेन III ब्लाक, जयनगर, बंगलौर ५६० ०११
सनाज प्लाजा, १३०२ बाजीराव रोड, पुणे ४११ ००२
८ महालक्ष्मी चैम्बर, वार्डेन रोड, मुम्बई ४०० ०२६
१२० रायपेट्टा हाई रोड, मैलापुर, चेन्नई ६०० ००४
८ केमेक स्ट्रीट, कलकत्ता ७०० ०१७
अशोक राजपथ, पटना ८०० ००४
चौक, वाराणसी २२१ ००१

Bharatiya Vidya Bhawan's Sri Sankarach... Mahavidyalaya
555

मूल्यः रु० ३५

नरेन्द्रप्रकाश जैन, मोतीलाल बनारसीदास, बंगलो रोड, दिल्ली ११० ००७
द्वारा प्रकाशित तथा जैनेन्द्रप्रकाश जैन, श्री जैनेन्द्र प्रेस,
ए-४५ नारायणा, फेज-१, नई दिल्ली ११० ०२८ द्वारा मुद्रित

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

आमुख

"कविर्मनीषी परिभूः स्वयम्भूः" तथा "कवेः कर्म काव्यम्" इन वाक्यों के अनुसार समग्र वाङ्मय काव्य की परिभाषा के अन्दर आना चाहिए। क्योंकि किसी भी तरह के वाङ्मय की रचना करने वाला मनीषी कवि होगा और उसकी रचना काव्य कहलाने की अधिकारिणी होगी, किन्तु व्यवहार में यह देखने में नहीं आता। स्मृति या विभिन्न विषयों पर रचे गये बड़े-बड़े ग्रन्थ भी न तो काव्य शब्द से व्यवहृत होते हैं, न उनके रचयिता ही कवि कहे जाते हैं। ऐसा क्यों? इसका उत्तर श्रीराजशेखर ने दिया है, उनका कथन है कि वाङ्मय दो प्रकार का होता है—शास्त्र और काव्य,[1] जिसमें केवल ज्ञानात्मकता होती है उसे शास्त्र कहते हैं और जिसमें रसात्मकता भी होती है वह काव्य कहलाता है। इसीलिए लक्षण ग्रन्थकारों ने "वाक्यं रसात्मकं काव्यम्" यह काव्य का लक्षण किया है। जो केवल शब्दार्थ को काव्य मानते हैं वे भी उन शब्दार्थों का दोष रहित होना, गुण सहित होना तथा अलङ्कार आदि से युक्त होना आवश्यक कहते हैं। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि जिसके रचयिता की प्रवृत्ति केवल ज्ञानात्मिका हो उसे शास्त्र और जिसके रचयिता की प्रवृत्ति रागात्मिका भी हो उसे काव्य कहा जाता है।

काव्य के भेद

यह काव्य मूलतः दो प्रकार का होता है—दृश्य और श्रव्य। जिसका रंगमंच पर अभिनय किया जा सके और सहृदय व्यक्ति आँखों से उसे देखकर रसास्वादन कर सकें वह दृश्यकाव्य कहलाता है और जिसका रंगमंच पर मंचन नहीं होता केवल जिसे पढ़कर या सुनकर रसास्वादन होता है उसे श्रव्य काव्य कहते हैं।

इन काव्यों की रचना तीन प्रकार से होती है—गद्य में, पद्य में और गद्य-पद्य मिश्रित, गद्यकाव्य जैसे—वासवदत्ता, कादम्बरी, दशकुमारचरित आदि।

---

१. इह हि वाङ्मयमुभयथा शास्त्रं काव्यं च. (काव्यमीमांसा अ. २)

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

पद्यकाव्य–रघुवंश, किरातार्जुनीय, माघ, नैषध आदि। मिश्रितकाव्य–नलचम्पू आदि।

चम्पूकाव्य

'गद्यपद्यमयं काव्यं चम्पूरित्यभिधीयते" यह साहित्यदर्पणकार ने चम्पू का लक्षण किया है। हेमचंद्र ने इसमें इतना और जोड़ दिया है–"गद्यपद्यमयी साङ्का सोच्छ्वासा चम्पूः" अर्थात् गद्यपद्यमयी वह रचना चम्पू कहलाती है जो साङ्क और सोच्छ्वास हो। दर्पणकार का लक्षण तो एक सामान्य लक्षण है क्योंकि प्रायः सभी दृश्यकाव्य नाटक आदि भी गद्यपद्यमय ही होते हैं किन्तु वे चम्पू नहीं कहे जाते। हेमचन्द्र ने जो लक्षण किया है वह तो प्रतीत होता है केवल नलचम्पू जो देखकर ही किया गया है, क्योंकि अन्य चम्पू न तो साङ्क हैं न केवल उच्छ्वासों में विभक्त ही हैं। वे स्तवक, उल्लास, सर्ग, काण्ड, तरंग, विलास आदि कई रूपों में विभक्त पाये जाते हैं। अतः हमारे विचार से "चम्पूकाव्य वह श्रव्यकाव्य है जो किसी प्रसिद्ध विषय को लेकर रसालंकारादि युक्त प्रबन्धात्मक रूप से गद्यपद्य को मिश्रित करके रचा गया हो।"

इस लक्षण में इसकी प्रबन्धात्मकता इसे दृश्यकाव्य से पृथक् कर देती है। चम्पूकाव्य में गद्य और पद्य किस अनुपात में हों इसके लिए कोई नियम नहीं है। यह कवि की अपनी इच्छा और नैपुण्य पर निर्भर करता है कि वह इस वर्णनात्मकता–प्रधान काव्य में पाठक की आस्वाद्यमानता को कहां और किस मात्रा में बदल दे।

चम्पूकाव्यों की परम्परा

यद्यपि गद्यपद्य मिश्रित रचना की परम्परा हमें वैदिक उपाख्यानों से ही मिलनी प्रारम्भ हो जाती है किन्तु चम्पूकाव्य के रूप में आजतक जितने भी ग्रन्थ उपलब्ध हुए हैं उनमें काल की दृष्टि से प्रस्तुत नलचम्पू ही सबसे प्रथम है और इसके रचयिता त्रिविक्रमभट्ट ही सबसे पहले चम्पूकार हैं। चौथी शताब्दी की हरिषेणलिखित समुद्रगुप्त की प्रशस्ति आदि कई प्रशस्तियां भी गद्यपद्य मिश्रित हैं जिनमें चम्पूकाव्य का स्वरूप निर्देश है परन्तु वे ग्रन्थ रूप में न होने से चम्पू नहीं कही जातीं। प्रशस्ति, विरुद, घोषणा, करम्भक आदि चम्पूकाव्य के ही अंग कहे जा सकते हैं। जैसे राजाओं या देवताओं से संबद्ध

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

चम्पुओं में स्तुतिपरक गद्यपद्य पाये ही जाते हैं। त्रिविक्रम भट्ट द्वारा नलचम्पू के प्रणयन के बाद लोगों ने इस नवीन शैली को अधिक पसन्द किया और कई चम्पूकाव्यों का निर्माण हुआ जिनमें त्रिविक्रम का ही दूसरा **मदालसाचम्पू**, प्रसिद्ध जैनकवि सोमदेव (सोमप्रभ) सूरि का **यशस्तिलकचम्पू**, हरिचन्द्र का **जीवन्धरचम्पू**, राजाभोज का **रामायणचम्पू** (या चम्पूरामायण), सोड्ढल कवि का **उदयसुन्दरीकथाचम्पू**: अभिनव कालिदास का **भागवत-चम्पू**, अनन्तभट्ट का **भारतचम्पू**, (या चम्पूभारतम्), अमोघराघव का **बसन्तोत्सवचम्पू**, कविकर्णपूर का **आनन्दवृन्दावनचम्पू**, जीवराज का **गोपालचम्पू**, राजमहिषी तिरुमलाम्बा का **वरदाम्बिकापरिणयचम्पू**, श्रीरामानुजाचार्य का **रामानुजचम्पू**, शेषकृष्ण का **पारिजातहरणचम्पू**, समरपुंगव का **तीर्थयात्राप्रबन्धचम्पू**, सूर्यदैवज्ञ का **नृसिंहचम्पू**, श्रीकृष्णकविका **मन्दारमरन्दचम्पू**, चिरंजीवभट्टाचार्य का **माधवचम्पू**, पद्मनाभमिश्रका **वीरभद्रचम्पू**, नारायण का **स्वाहा-सुधाकरचम्पू**, इन्हींका **कोटि-विरहचम्पू**, श्रीमित्रमिश्र का **आनन्दकन्दचम्पू**, केशवभट्ट का **प्रह्लादचम्पू**, वैंकटाध्वरि का **विश्वगुणादर्शचम्पू**, वैंकटाध्वरिका ही **उत्तररामचरितचम्पू**, नीलकंठका **नीलकण्ठविजयचम्पू**, वैंकटाध्वरिका **श्रीनिवासचम्पू**, विरूपाक्षकवि का **चोलचम्पू**, श्रीरामवर्मा का **कार्तवीर्यप्रबन्धचम्पू**, वाणेश्वर विद्यालंकार का **चित्रचम्पू**, श्रीनिवास कवि का **आनन्दविजयचम्पू**, अच्युतशर्मा का **भागीरथीचम्पू**, कृष्णकवि का **रघुनाथविजयचम्पू**, तंजौर-नरेश महाराजा शरफोजी (द्वितीय) का **कुमारसंभवचम्पू**, श्रीकण्ठशास्त्रीका **जगद्गुरुविजयचम्पू**, दत्तात्रेय कवि का **गङ्गागुणादर्शचम्पू**, त्रिविक्रमका **कुवलयाश्वविलासचम्पू** अभी तक प्रकाशित हो चुके हैं इनके अतिरिक्त सरस्वतीमहल तंजोर तथा मद्रास यूनि० की हस्तलिखित ग्रन्थसूचियों में बहुत से अप्रकाशित चम्पूकाव्यों के नाम मिलते हैं। फलतः त्रिविक्रम भट्ट से लेकर आजतक चम्पूकाव्यों की यह परम्परा चलती आ रही है। इनमें कुछ ऐतिहासिक दृष्टि से लिखे गये हैं, कुछ धार्मिक दृष्टि से, कुछ केवल राजाओं के प्रशस्तिपरक हैं, कुछ पौराणिक आख्यानों के आधार पर लिखे गये हैं तो कुछ केवल काल्पनिक कथाओं पर भी आश्रित हैं, कुछ में तीर्थयात्रावर्णन के प्रसङ्ग

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

से भौगोलिक दृष्टिकोण अधिक अपनाया गया है। इस प्रकार चम्पूकाव्यों से संस्कृत वाङ्मय का भण्डार भरा है।

त्रिविक्रम भट्ट

नलचम्पू के रचयिता त्रिविक्रम भट्ट का इतिवृत्त संस्कृत के प्राचीन कवियों की भांति सर्वथा अज्ञात नहीं है। कुछ तो इन्होंने स्वयं अपने ग्रंथों में दिग्दर्शन किया है तथा कुछ अन्य साक्ष्यों से भी उपलब्ध हो जाता है, जैसाकि नलचम्पू प्रथम उच्छ्वास के पद्य में वर्णित है—श्री त्रिविक्रम भट्ट शाण्डिल्य गोत्र में उत्पन्न हुए थे, इनके पिता का नाम नेमादित्य (देवादित्य किन्हीं संस्करणों में पाठान्तर है) तथा पितामह का नाम श्रीधर था। इनकी परम्परा विद्वानों की थी और ये मानखेट के राष्ट्रकूट वंशी राजा इन्द्रराज तृतीय के प्रमुख सभापण्डित थे। इन्द्रराज तृतीय का राज्याभिषेक ९१५ ई० में हुआ था उन्होंने उसके बाद स्वर्णतुलादान तथा कई ग्राम आदि का दान किया था, यह सूचना नौसारी (बड़ौदा) में प्राप्त एक ताम्रपत्र से उपलब्ध होती है। उस ताम्रपत्र पर उट्टङ्कित इन्द्रराज प्रशस्ति की रचना त्रिविक्रम भट्ट ने ही की थी जैसा कि निम्नश्लोक से स्पष्ट है—

श्रीत्रिविक्रमभट्टेन नेमादित्यस्य सूनुना।
कृता शस्ता प्रशस्तेयमिन्द्रराजाङ्घ्रिसेविना॥

यहां यह भी ज्ञातव्य है कि इन्द्रराज की अल्पवय में ही उनके पिता का देहावसान हो चुका था और उन्हें राज्य का उतराधिकार अपने पितामह कृष्णराज (द्वितीय) से प्राप्त हुआ था। इससे यह सुतरां अनुमान किया जा सकता है कि त्रिविक्रम भट्ट श्री कृष्णराज की सभा के भी प्रमुख पण्डित रहे होंगे इसीलिये इन्द्रराज के राज्याभिषेक तथा दानादि के प्रशस्तिपत्र उन्होंने लिखे, तात्पर्य यह हुआ कि दशवीं शताब्दी के प्रारम्भ में श्री त्रिविक्रम भट्ट विद्यमान थे। इन्द्रराज तृतीय के राज्याभिषेक तथा शासन के संबन्ध में घारावाड़ के ताम्रपत्र तथा अन्य भी बहुत सी ऐतिहासिक सामग्री उपलब्ध है जिसमें उनका काल निश्चितरूप से तय है।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

त्रिविक्रम भट्ट की रचनाएँ

नलचम्पू के अतिरिक्त इनकी एक रचना है **मदालसाचंपू**। इसमें मदालसा तथा कुवलयाश्व की प्रणय कथा का वर्णन है जो मारकण्डेयपुराण की एक कथा पर आधृत है। इसमें कवि के उस उत्कृष्ट काव्य सौष्ठव का दर्शन नहीं होता जैसा कि नलचम्पू में, फिर भी कथानक की प्रणयन चातुरी पाठक को प्रिय लगती है। यह चम्पू उच्छ्वासों में विभक्त न होकर उल्लासों में विभक्त है और साङ्क भी नहीं है।

इन्द्रराज प्रशस्ति—यह कोई ग्रन्थ नहीं है प्रत्युत अपने आश्रयदाता वैंकटाधीश इन्द्रराज तृतीय के राज्याभिषेक तथा उसके बाद उनके किये हुए दान आदि की प्रशस्तियां हैं जो ताम्रपत्रों के रूप में प्राप्त हुई हैं। इन प्रशस्तियों में रचयिता के रूप में त्रिविक्रम भट्ट का नाम लिया गया है और इनकी रचना भी गंद्यपद्यमय, श्लेष प्रचुर तथा काव्यगुणों से प्रपूर्ण है।

प्रतीत होता है कि गद्यपद्यमय प्रशस्तियों की रचना करने से ही कविको उत्कृष्ट चम्पू काव्य रचना की प्रेरणा हुई और उसने इस सर्वप्रथमचम्पूकाव्य काव्य का निर्माण किया।

नलचम्पू

इसका दूसरा नाम 'दमयन्ती कथा' भी है, कवि ने प्रत्येक उच्छ्वास की समाप्ति पर पुष्पिका में इसी नाम का उल्लेख किया है। इसका कथानक महाभारत के वनपर्व से लिया गया है। वनपर्व में यह कथा २७ अध्यायों में वर्णित है और नलचम्पू में इसके चार प्रारम्भिक अध्यायों की कथा आती है। इसमें भी कवि ने अपनी कल्पना का पर्याप्त आश्रय लिया है। वस्तुतः यहीं कवि अपने काव्य-कला के चरम उत्कर्ष को दिखा सकता है। जैसे कालिदास का शाकुन्तल नाटक भी महाभारत की कथा पर आश्रित है किन्तु इस नाटक में दुर्वासा के शाप से राजा का स्मृतिभ्रंश और अंगूठी के दर्शन मात्र से पुनः सारी घटना का स्मरण रूप अभिज्ञान प्रकरण कवि की अपनी कल्पना है और यही इस नाटक की जान है। इसीप्रकार त्रिविक्रम भट्ट ने भी इस काव्य के कथानक में पर्याप्तमात्रा में कल्पना का संमिश्रण किया है

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

जिससे कवि में उत्कृष्ट काव्यरचना की प्रतिभा और उसके काव्य में अनुपम सौन्दर्य का प्रत्यक्ष दर्शन होता है।

यह काव्य सात उच्छ्वासों में विभक्त है जिनमें राजा नल द्वारा दमयन्ती के समीप जाकर इन्द्रादि लोकपालों का सन्देश पहुंचाने तक की कथा आई है। दमयन्ती का स्वयंवर, राजा नल का दमयन्ती के साथ सुखोपभोग, कलि की ईर्ष्या, पुष्कर से द्यूतक्रीड़ा, राज्यभङ्ग, दमयन्तीपरित्याग, ऋतुपर्ण से संपर्क आदि मार्मिक प्रकरण इसमें वर्णित नहीं हैं। इसी आधार पर विद्वानों ने यह भी कल्पना की है कि त्रिविक्रम इस रचना को पूरी न कर सके। इसकी अपूर्णता को लेकर कई किंवदन्तियां भी गढ़ी गई हैं। वस्तुस्थिति क्या है यह तो कवि ही जाने, किन्तु हमारे विचार से यह काव्य इतने में ही पूर्ण है, क्योंकि गद्यपद्यमिश्रित शैली में काव्य का निर्माण और सभंग श्लेष के चमत्कार का उपन्यास, ये दोनों उद्देश्य कवि के इसमें पूर्ण हो जाते हैं और उसका काव्य-कौशल या रचनानैपुण्य पाठक को मुग्ध कर लेता है। चम्पू काव्यों में सर्वप्रथम गणनीय इस रचना के नायक रूप में कवि ने राजा नल को चुना है क्योंकि नल का भारतीय संस्कृति में महत्त्वपूर्ण स्थान है—

पुण्यश्लोको नलो राजा पुण्यश्लोको युधिष्ठिरः।
पुण्यश्लोका च वैदेही पुण्यश्लोको जनार्दनः॥

यह प्रसिद्ध है। नायिका दमयन्ती है। प्रधान रस शृङ्गार है। कवि और काव्य के संबन्ध में त्रिविक्रम भट्ट का अपना एक आदर्श है जिसे उन्होंने नलचम्पू के इन पद्यों में स्पष्ट कर दिया है—

१. "तदनु च विजयन्ते कीर्तिभाजां कवीना-
मसकृदमृतबिन्दुस्यन्दिनो वाग्विलासाः।" (१.१)

२. अगाधान्तःपरिस्पन्दं विबुधानन्दमन्दिरम्
वन्दे रसान्तरप्रौढं स्रोतः सारस्वतं वहत्॥ (१.३)

३. प्रसन्नाः कान्तिहारिण्यो नानाश्लेषविचक्षणाः
भवन्ति कस्यचित्पुण्यैर्मुखे वाचो गृहे स्त्रियः॥ (१.४)

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

४. किं कवेस्तेन काव्येन किं काण्डेन धनुष्मतः ।
परस्य हृदये लग्नं न घूर्णयति यच्छिरः ॥ (१.५)

५. अप्रगल्भाः पदन्यासे जननीरागहेतवः
सन्त्येके बहुलालापाः कवयो बालका इव ॥ (१.६)

अर्थात्—

१—कवि की वाणी निरन्तर अमृत की बूँदों को चुआने वाली होनी चाहिए।

२—कवि की वाणी का प्रवाह अन्तःकरण में अत्यन्त चमत्कार उत्पन्न करने वाला विद्वानों को आनन्द देनेवाला तथा रसों के वैशिष्ट्य से प्रगल्भ होना चाहिये ।

३—कवि की वाणी प्रसाद सम्पन्न, कान्ति (औज्ज्वल्य तथा दीर्घ रसत्व) से मनोहर, विभिन्न प्रकार के श्लेषों से विलक्षण होनी चाहिए।

४—वह कवि का काव्य ही क्या जो दूसरे के हृदय में पहुँचते ही माथा न चकरा दे (अर्थात् भावना न बदल दें)।

५—वे कवि प्रौढ़ नहीं कहे जा सकते जो काव्य में प्रत्येक पदका न्यास करते समय उसके औचित्य पर ध्यान नहीं देते ।

यह है त्रिविक्रमभट्ट का आदर्श, जिसका उन्होंने नलचम्पू में अक्षरशः पालन करने की चेष्टा की है, इतना ही नहीं उन्होंने वाल्मीकि व्यास और बाण की कविताओं से क्या-क्या प्रेरणा ली है यह भी उन्हीं की वन्दना के बहाने व्यक्त किया है (द्रष्टव्य नलचम्पू १.१० से १४)।

इस काव्य में कवि का मुख्य उद्देश्य विभिन्न प्रकार के श्लेषों की रचना है। श्लेष की दुरूहता के कारण पाठक ऊबने न लगें इसलिए वे पहले ही सचेत कर देते हैं—

वाचः काठिन्यमायान्ति भङ्गश्लेषविशेषतः ।
नोद्वेगस्तत्र कर्तव्यो यस्मान्नैको रसः कवेः ॥ (१.१६)

श्लेष के (विशेषतः सभङ्गश्लेष के) कारण वाणी में कठोरता आ जाती है इसलिए उससे उद्विग्न नहीं होना चाहिए क्योंकि कवि किसी एक ही रस पर निर्भर नहीं करता।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

इस चम्पू में जीवन के मधुर पक्ष की ओर ही कवि की अभिरुचि अधिक दीखती है फलतः शृङ्गार और प्रकृति के रमणीय दृश्यों का इसमें पर्याप्त अङ्कन हुआ है, कवि ने गद्य और पद्य दोनों में समान रूप से अपने कौशल का प्रदर्शन किया है।

छन्दों और अलङ्कारों के प्रयोग में त्रिविक्रम भट्ट अत्यन्त निपुण हैं एक श्लोक में भी श्लेष का निर्वाह करना दुरूह होता है पूरे काव्य की श्लेषमय रचना करना उसमें भी कथाप्रवाह और लालित्य का कहीं विच्छिन्न न होना इनकी उद्भट प्रतिभा का परिचायक है : इनका शब्दभण्डार अक्षय और अकल्पनीय है, कहीं भी व्याकरण के नियमों का उल्लंघन नहीं होने पाता और वाण या सुवन्धु की तरह श्लेष में इतनी दुरूहता नहीं आने पाती कि पाठक ऊबने लगे।

श्लेष के साथ श्लिष्टोरमा, विरोधाभास, परिसंख्या, रूपक, उत्प्रेक्षा, भ्रान्तिमान् आदि अलङ्कारों के मिश्रण की छटा भी इस काव्य में देखते ही वनती है; विरोधाभास का यह उदाहरण कितना चमत्कारी है—

ब्रह्मण्योऽपि ब्रह्मवित्तापहारी स्त्रीयुक्तोऽपि प्रायशो विप्रयुक्तः।
सद्द्वेषोऽपि द्वेषनिर्मुक्तचेताः को वा तादृग् दृश्यते श्रूयते वा ॥
१.३९

इसी प्रकार अन्य अलङ्कारों के भी पर्याप्त उदाहरण इस काव्य में उपलब्ध होते हैं, श्लेष के वचन श्लेष, विभक्तिश्लेष, लिङ्गश्लेष आदि जितने भी भेद हो सकते हैं सबका प्रयोग इन्होंने खुलकर किया है। सात उच्छ्वासों के इस काव्य में कुल ६३ पात्रों का उल्लेख है और आश्चर्य यह है कि कवि ने सभी पात्रों द्वारा श्लेष का प्रयोग कराया है। यमक और अनुप्रास तो जैसे इनके वांधे हुए हैं जब चाहें तब खोल दें। इसका भी एक ललित उदाहरण देखिए—

धृतकदम्बकदम्बकनिष्पतन्नवपरागपरागतमन्थराः।
हृततुषारतुषा रतिरङ्गिणां प्रियतमा मरुतो मरुतो ववुः ॥ १.४३

त्रिविक्रम वस्तु का स्वाभाविक चित्रण करने में जितने पटु हैं उतने ही वृत्त का वर्णन करने में भी, प्रथम उच्छ्वास में ही शूकर, पथिक, मृगया

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

आदि का वर्णन इसके चमत्कार कारी उदाहरण हैं, कविका प्रकृति प्रेम भी अपना सानी नहीं रखता और उसमें प्रयुक्त स्वभावोक्ति हृदय पटलपर अमिट रूप से अङ्कित हो जाती है, पात्रों का उपयुक्त चरित्र-चित्रण भी इनकी अपनी विशेषता है।

इस प्रकार श्री त्रिविकम के इस चम्पू काव्य का अनुशीलन अपनी सजीवता और रमणीयता से संस्कृतवाङ्मय की एक विशिष्ट शैली का अवबोधक है।

नलचम्पू की रचनाएं और प्रस्तुतसंस्करण

इसकी प्राचीन टीकाओं में—गुणविजयगणि की– दमयंतीकथावृत्ति, चण्डपाल की—-विषमपदप्रकाशिका, ये दो टीकाएँ प्रकाशित हैं, निर्णयसागर प्रेस से मुद्रित संस्करण की भूमिका में५ और टीकाओं का भी उल्लेख है। नलचम्पू की कमनीयता से आकृष्ट हुए प्रायः सभी विश्वविद्यालयों ने इसे अपने पाठ्यक्रम में सन्निविष्ट किया है किन्तु ऐसी कोई व्याख्या उपलब्ध न थी जो प्रत्येक पद की व्युत्पत्ति का बोध कराती हुई आधुनिक ढंग से छात्रों को कवि का अभिप्राय समझा सके। इसलिए हरदेवदास श्रीलाल गोयनका सं० महाविद्यालय के प्राचार्य पं० धारादत्त शास्त्री जी ने हिन्दी अनुवाद सहित इस नवीन व्याख्या का प्रारम्भ किया किन्तु दुर्भाग्य से मृगयावर्णन तक ही करके वे दिवंगत हो गये। अवशिष्ट अंश को प्रायः उन्हीं की शैली में व्याख्या कर पूर्ण किया गया है, यह ध्यान रखा गया है कि कवि का भाव सरल और सरस भाषा में छात्र हृदयंगम कर सकें और प्रत्येक पद की व्युत्पत्ति का उन्हें ज्ञान हो सके। इससे छात्रों तथा जिज्ञासु पाठकों का कुछ भी उपकार हुआ तो हम अपना श्रम सफल समझेंगे और आगे इस पूरे ग्रन्थ की व्याख्या का प्रयास करेंगे। मानव स्वभाव की चपलता, तथा व्यस्तता के कारण जो त्रुटियां हों उनके लिये विद्वज्जनों से क्षमा की करबद्ध प्रार्थना करते हैं। इति शम्।

सरस्वतीभवनम् — विद्वच्चरणचञ्चरीकः

ज्येष्ठ शुक्ला १५ सं. २०३३ — जनार्दनशास्त्री पाण्डेयः

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

प्रथम उच्छ्वास का कथासार

आर्यावर्त नाम का एक देश है जो समस्त पृथ्वीमण्डल के मस्तक पर उज्ज्वल तिलक जैसा लगता है, उस आर्यावर्त में निषधनामका जनपद और उसमें निषधा नाम की प्रसिद्ध नगरी है जो साक्षात् पुरुषोत्तम भगवान् के निवास योग्य प्रतीत होती है। उस नगरी में समस्तशत्रुओं का संहारक, युद्धकुशल, प्रतापी, तेजस्वी, नीतिमान्, प्रजानुरञ्जक, पुण्यात्मा और उपकारपरायण राजा नल राज्य करता था जो वीरसेन का पुत्र था, उसकी कीर्तिपताका सम्पूर्ण विश्व में फहराई थी, उसका श्रुतशील नामक मंत्री था जो सालंकायन का पुत्र, विद्वान् और गुणवान् था। राजा उसे प्राणों से भी अधिक प्रिम मानता था, वह भी राजा के लिये अपना सर्वस्व देने को तत्पर रहता था, सेव्य सेवक भाव नहीं उन दोनों में इतना मैत्री भाव था कि जैसे एक ही आत्मा दो शरीरों में विभक्त हो, राजा उस योग्य मन्त्री पर राज्य का सारा भार सोंपकर निश्चिन्त था और विविध ऐश्वर्य का उपभोग करते हुए उसके दिन बीत रहे थे।

एक बार मेघों से जल बरसाकर सारे विश्व को आप्लुत करती हुई वर्षा ऋतु आई। मानो सम्पूर्ण जगत् में जिसके गुण गाये जा रहे हैं और अनुपम रूपराशि से जो संपन्न है उस राजानल का दर्शन करने आई हो। इसी वर्षा काल में आखेट वन के रक्षक ने आकर राजा से निवेदन किया—देव! एक पर्वताकार शूकर कहीं से आखेटवन में आ गया है जो आपके क्रीडावन के रक्षकों को डराता हुआ, कन्द कसेरू आदि से युक्त सुन्दर स्थलों, फूले हुए लताकुञ्जों, लीलासरोवरों को इस प्रकार रोंद रहा है जैसे मन्दराचल ने समुद्र को मथ डाला। यह सुनकर राजा सोचने लगा—इस वर्षाकाल में चारों ओर हरियाली छा जाती है, मोर नाचने लगते हैं। पोखरों का पानी भी दूध की तरह सफेद होकर उछलने लगता है, केतकी की सुगन्ध से भरी वायु बहने लगती है जिससे सूअर उन्मत्त हो जाते हैं। अतः शिकार करने के लिये यह उपयुक्त समय है, इसलिये उसने बाहुक नामक सेनापति को बुलाकर आदेश दिया—शीघ्र आखेट के लिये प्रस्थान की तैयारी करो, सशक्त पैदलों

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

मनोगामी घोड़ों, वायु वेग से दौड़ने वाले कुत्तों, धनुषादि आयुधों और पाश आदि मृगया के उपयुक्त उपकरणों को सुसज्जित करो।

सेनापति द्वारा सब तैयारी होने पर राजा स्वयं भी सम्पूर्ण गुणों से युक्त घोड़े पर सवार होकर यमदूतों जैसे शिकारियों के साथ वहाँ जा पहुँचा। क्षणभर में उन्होंने वन को घेरलिया और हाथियों के बच्चों, गैंड़ों, शरभों और तरक्षुओं को मारने लगे। तत्काल मोटे-मोटे सूअर गिरने लगे, हाथी चिग्घाड़ने लगे, मृग चीखने लगे और भय से पहाड़ो की ओर भागने लगे वाणों से छलनी हुए जंगली भैंसे लुढ़कने लगे, चीते गुफाओं में छिपने लगे। चारों और ऐसा कोलाहल व्याप्त हो गया मानो ब्रह्माण्ड फट जायगा। राजा नल ने एक ही बाण में अनायास विविध बन्यपशुओं का वध करते हुए सहसा उस उत्पाती शूकर को देखा जिसके रोंगटे खड़े हो गये थे, जो राजा के घोड़ों को घूरती नजर से देख रहा था, थुथने फुलाकर घर्घरध्वनि कर रहा था, गुच्छाकार पूंछ को ऊपर उठाये था, उसे देखते ही राजा ने इतनी शीघ्रता से धनुष पर बाण चढ़ाकर बरसाना शुरू किया मानो राम रावण पर बाण बरसा रहे हों। उन दोनों का ऐसा घोर द्वन्द्व युद्ध होने लगा जिससे पृथ्वी कांपने लगी, पर्वत हिल उठे, क्षणभर के लिये मध्याह्न का सूर्य भी जैसे ठिठक गया, यह निर्णय करना कठिन हो गया कि फुर्ती से बाण बरसाने वाला राजा प्रशंसनीय है या उछल उछलकर बगल काटनेवाला घोड़ा अथवा राजा और घोड़े से अपने को बचा कर निकाल ले जाने वाला शूकर।

कुछ देर बाद उस शूकरराज को जीतकर थका हुआ राजा एक शाल वृक्ष के नीचे बैठकर आराम करने लगा। शीतल-मन्द-सुगन्धित पवन उसे आनन्दित करने लगे। इसी समय वहाँ सहसा कहीं से एक विचित्र वेषवाला पथिक आया और राजा को देखकर आश्चर्य से सोचने लगा कि लक्षणों से तथा तेजस्विता से तो प्रतीत होता है कि यह कोई समुद्रपर्यन्त पृथ्वी का स्वामी है। इसके बाद उसके समीप जाकर बोला—"अपनी कान्ति से कामदेव को भी जीतने वाले आपका कल्याण हो"। राजा ने भी आश्चर्य से गर्दन उठाकर उसका स्वागत किया और कहा—हे तीर्थयात्री ! कहो कहां से

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

आ रहे हो, कहां जाओगे, बैठो, कुछ अपूर्व कथा सुनाओ; क्योंकि अनेक देशों में घूमनेवाले लोग कई कौतूहलपूर्ण दृश्यों को देखते हैं। पथिक ने कहा— यदि ऐसी बात है तो सुनो—

दक्षिण दिशा में एक विदर्भ नाम का देश है जहां के प्रदेश प्रत्येक प्राणी को उत्कण्ठित किए रहते हैं, जहां के श्रीशैल पर्वत पर कैलाश को छोड़कर शिवजी वास करते हैं, जहां कावेरी के किनारे धान की क्यारियां लहलहाती हुई स्वर्ग का सा आनन्द प्रदान करती हैं। वहां की स्त्रियां सुख की आगार, मृगनयनी और रसिक होती हैं। मैं गन्धमादन पर्वत पर स्कन्द भगवान् का दर्शन करने वहां गया था। लौटते समय थका हुआ एक वट वृक्ष के नीचे विश्राम कर रहा था इतने ही में एक अनिन्द्य सुन्दरी राजकुमारी अपनी प्रौढ़ा सखियों के साथ वहीं पर आकर ठहरी, उसके सौन्दर्य को देखकर मुझे लगा कि क्या साक्षाल्लक्ष्मी विष्णु को छोड़कर यहां आ गई है ? या पार्वती शिवजी से झगड़ा करके कैलाश छोड़ आई है, हे विधाता मेरे हजारों नेत्र क्यों न हुए जिनसे मैं इसकी रूपराशि को इच्छाभर पीता। उसके लावण्य का वर्णन वही कर सकता है जिसके मुख में शेषनाग की भांति दो हजार जिह्वायें हों।

उसी समय वहां एक उत्तरवासी पथिक आया जो दक्षिण दिशा को जा रहा था, जैसे आपने मुझसे कोई अपूर्व कथा सुनाने को कहा है ऐसे ही उस राजकन्या ने भी उस पथिक से कोई अद्भुत वार्ता सुनाने का आग्रह किया। मैंने उन दोनों के वार्तालाप का अन्तिम अंश सुना जो इस प्रकार था—

"मुस्कराते वदनवाले, लम्बी भुजाओं वाले, कामदेव सदृश उस युवक को जिन्होंने देखा है उनकी आंखें धन्य हैं, तुम साक्षात्कामवल्लरी हो और वह युवक उसके उचित भौंरा है, यदि विधाता तुम दोनों का समागम करा देता तो उसकी विचित्र रचना कौशल का संकल्प पूरा हो जाता"।

मैं नहीं जानता कि वह भाग्यशाली युवक कौन है जिसकी उसने ऐसी प्रशंसा की, उस राजपुत्री के सौन्दर्य से लुब्ध हुआ मैं इस प्रकार अपना विवेक खो चुका था कि मैंने उसके विषय में यह भी नहीं पूछा कि वह कौन है कहां से आई है और कहां जा रही है। आपने अद्भुत कथा सुनाने को कहा सो मैंने

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

सुना दी, वहां उस राजकुमारी को और यहां आपको देखकर मेरा जन्म सफल हो गया अब मुझे अपने देश जाने की आज्ञा दीजिए।

इतना कहकर वह चल दिया और राजा ने उसे अपने सर्वांग से आभूषण उतार कर पुरस्कार दिया। उसके जाने के बाद राजा सोचने लगा -

"विदर्भ देश स्त्रीरत्नों की खान ही है, यह पथिक झूठ नहीं बोलेगा। विधाता की सृष्टि में क्या संभव नहीं है? किन्तु आश्चर्य तो यह है कि मैंने उस राजकुमारी को कभी आँख से नहीं देखा, उसके वंशादि का मुझे पता नहीं फिर भी वह अत्यन्त सुन्दरी है यह सुनते ही मेरा चित्त चुम्बक की भांति उसकी ओर आकृष्ट होकर अपना धैर्य खो रहा है।

इसी समय उसकी सेना के शिकारियों का दल वहां आ गया और राज उनके साथ अपनी राजधानी को लौट आया। तबसे निरन्तर उसी के प्रति उत्कण्ठित रहता है और उस दिशा से आनेवाले प्रत्येक पथिक से उसका समाचार पूछता है और शिवजी के चरणों की वन्दना करते हुए उसका वर्षा-काल इसी उत्कण्ठा में बीतने लगा।

—x—

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

विषय-सूची

विषय	पृष्ठ
मंगलाचरणादि	१
कविवंशादिवर्णनम्	१९
आर्यावर्तवर्णनम्	२८
निषधापुरीवर्णनम्	४८
नल-वर्णनम्	६२
महामन्त्रि-वर्णनम्	८६
राज्ञो नलस्य-विलास-विर्णनम्	९१
वर्षावर्णनम्	१०१
शूकरोत्पात-वर्णनम्	११७
आखेट-विहार-वर्णनम्	११९
मृगया-वर्णनम्	१२३
शूकर-दर्शनम्	१३२
शरवर्षणं द्वन्द्वयुद्धं च	१३४
शूकरजयो राज्ञो विश्रामश्च	१३६
राज्ञः कुतूहलम्	१४५
विदर्भ-वर्णनम्	१४६
राजपुत्रीवृत्तवर्णनम्	१५३
राज्ञश्चिन्ता	१६३
पथिक-विसर्जनम्	
राजदशा-वर्णनम्	

———- -

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

नलचम्पूः

(दमयन्तीकथा)

प्रथम उच्छ्वासः

शंकरं शंकरं ध्यात्वा शंकरं पितरं तथा।
करोति शांकरिर्व्याख्यां नलचम्प्वर्थबोधिकाम् ॥१॥
जानकीवल्लभो रामः पवनात्मजसेवितः।
स्मर्यते सततं भक्त्या धारादत्तेन शास्त्रिणा ॥२॥

इह खलु सरसश्लिष्टपदवाक्यरचनाचातुरीचुञ्चुः महाकविः श्रीत्रिविक्रमभट्टः, 'काव्यं यशसेऽर्थकृते व्यवहारविदे शिवेतरक्षतये" इत्याद्यालंकारिकवचनप्रामाण्यात् काव्यस्यानेकश्रेयःसाधनत्वं, परमपुरुषार्थमोक्षोपयोगिवेदान्तवाक्ये व्युत्पत्त्याधायकत्वञ्च विभाव्य, काव्यालापांश्च वर्जयेदिति निषेधशास्त्रस्यासत्काव्यविषयकत्वं च विचारयन् 'नलचम्पू' नामकं काव्यं चिकीर्षुः चिकीर्षितस्यातिसरसश्लिष्टगुणालंकृतस्य काव्यस्य निर्विघ्नं समाप्तिकामः सर्वरसात्मकं परमेश्वरमाशुतोषं चन्द्रमौलिं स्मरति—

जयति गिरिसुतायाः कामसन्तापवाहि-
न्युरसि रसनिषेकश्चान्दनश्चन्द्रमौलिः।
तदनु च विजयन्ते कीर्तिभाजां कवीना-
मसकृदमृतबिन्दुस्यन्दिनो वाग्विलासाः ॥१॥

अन्वयः—गिरिसुतायाः कामसन्तापवाहिनि उरसि चान्दनः रसनिषेकः चन्द्रमौलिः जयति। तदनु च कीर्तिभाजां कवीनाम् असकृत् अमृतबिन्दुस्यन्दिनः वाग्विलासाः विजयन्ते।

व्याख्या—गिरेः=हिमालयस्य सुता=पुत्री तस्याः गिरिसुतायाः पार्वत्याः इत्यर्थः। कामस्य=कन्दर्पस्य सन्तापः=पीडा इति कामसन्तापस्तं वहति=धार-

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

यतीति तत् कामसन्तापवाहि, तस्मिन् कामसन्तापवाहिनि, उरसि=वक्षःस्थले चन्दनस्यायं चान्दनः=मलयजद्रवः, रसस्य=द्रवस्य, निषेकः=अभिषेक इव इति रसनिषेकः-चन्दनरसलेप इव चन्द्रः मौलौ यस्य सः चन्द्रमौलिः=शिवः जयति= सर्वोत्कर्षेण वर्तते, सर्वोत्कृष्टश्च सर्वेषां प्रणम्य इति नमस्कारः प्रतीयते। तदनु=तत्पश्चात् रसाधारस्य चन्द्रमौलेः पश्चादित्यर्थः। कीर्तिं भजन्ति ते कीर्तिभाजस्तेषां कीर्तिभाजां=यशःशालिनां कवीनां=काव्यकर्तॄणां। शृङ्गारादिरसाभिव्यक्तिनिमित्तानां वाल्मीकिव्यासकालिदासादीनामित्यर्थः। असकृत्=निरन्तरम् अमृतस्य=पीयूषस्य विन्दवः=कणास्तान् स्यन्दयन्ति= वर्षन्तीति असकृदमृतविन्दुस्यन्दिनः=निरन्तररसवर्षिण इत्यर्थः। वाचां= वाणीनां कविवाणीनामिति यावत् विलासाः=विभ्रमाः इति वाग्विलासाः, चमत्कारवैचित्र्याणीत्यर्थः। विजयन्ते=सर्वोत्कर्षेण वर्तन्ते। अतस्तेऽपि नमस्याः। रसनिषेक इति। रसाः=शृंगारादिनवसंख्याकाः निषिच्यन्ते येषु ते रसनिषेका इति रीत्या कवीनां वाग्विलासा अपि ग्राह्याः। यतो हि शृंगारादीन् रसान् कवय एव प्रकटीकर्तुं प्रभवन्तीति भावः। अत्र पूर्वार्धेन वक्ष्यमाणप्रबन्धोऽपि सूचितो भवति। गिरिसुतेति। "गिरिर्भीमनृपे सूर्ये स्वभावे पर्वते जले" इति वचनात् गिरेः=भीमनृपस्य सुता=दमयन्ती तस्याः मदनसन्तापेन सन्तप्ते उरसि चन्द्रमौलिः=चन्द्रवंशीयानां मौलिः=भूषणं नलः चन्दनरसनिषेको भविष्यतीति। अत्र पद्ये मालिनीच्छन्दः। रूपकालङ्कारः।

हिन्दी—हिमालय की पुत्री पार्वती के कामपीड़ा को धारण करने वाले हृदय पर चन्दनरस के सिंचन के समान (ठण्डक पहुँचाने वाले) तथा मस्तक पर चन्द्रमा को धारण करने वाले भगवान शंकर सब से उत्कृष्ट हैं। अतः उन्हें प्रणाम करता हूँ। और इसके पश्चात् यशस्वी कवियों के निरन्तर अमृत की बून्दों की वर्षा करने वाले वाणी के विलास (अद्भुत् चमत्कारपूर्ण काव्य) भी सबसे उत्कृष्ट हैं। अतः उन्हें भी नमस्कार है। चन्द्रमौलि पद से शिव को कहने का तात्पर्य यह है कि चन्द्र के सुधाकर नाम होने से अमृत की स्थिति चन्द्र में है उस अमृत में शीतलता रहती है जो ग्रीष्मसंताप को हरती है उसका सम्बन्ध शिव जी से होने से शिव जी के शरीर के आलिङ्गन

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

से ठण्ढक अवश्य पार्वती को मिलेगी। और चन्द्र के प्रकाश से अन्धकार का जैसे विनाश होता है वैसे ही इस ग्रन्थ के प्रकाश से अज्ञानान्धकार का विनाश होता है। 'ज्ञानमिच्छेन्महेश्वरात्' इस उक्ति के अनुसार पढ़ने वालों के तथा अपने लिये ज्ञान को मांगने वाले कवि त्रिविक्रम शिव जी की स्तुति करते हैं।

विशेष—इस श्लोक के पूर्वार्ध में आगे वर्णनीय काव्यार्थ को भी कवि ने सूचित किया है। यथा—"गिरिर्भीमनृपे सूर्ये स्वभावे पर्वते जले" इस वचन के अनुसार गिरि का भीम राजा और चन्द्रमौलि का चन्द्रवंशियों में श्रेष्ठ राजा नल द्वितीयार्थ हुआ। इस प्रकार भीमराजा की पुत्री दमयन्ती के कामदेव से पीड़ित मन पर चन्दनरसतुल्य अतिशीतल प्रतीत होने वाले नल की जय हो। पुराणों के अनुसार नल और दमयन्ती भी पुण्यश्लोक हैं ॥१॥

जयति मधुसहायः सर्वसंसारवल्ली-
जननजरठकन्दः कोऽपि कन्दर्पदेवः।
तदनु पुनरपाङ्गोत्सङ्गसञ्चारितानां
जयति तरुणयोषिल्लोचनानां विलासः ॥ २ ॥

अन्वय—मधुसहायः सर्वसंसारवल्लीजननजरठकन्दः कोऽपि कन्दर्पदेवः जयति। तदनु पुनः अपाङ्गोत्संगसंचारितानाम् तरुणयोषिल्लोचनानां विलासः जयति ॥

व्याख्या—मधुः=वसन्तः सहायः=सहचरः यस्य स मधुसहायः '**मधु** क्षौद्रे जले क्षीरे मद्ये पुष्परसे मधुः। दैत्ये चैत्रे वसन्ते च जीवशोके मधुद्रुमे"। इति विश्वः। सर्वः=अखिलःसंसार एव वल्ली=वल्लरी=लता इत्यर्थः, 'वल्ली तु व्रततिर्लता' इत्यमरः। कन्दः=मूलम् यथा 'भगवान् चतुर्दशलोकवल्लिकन्दः' इत्युक्तः। इति सर्वसंसारवल्ली, तस्याः जननम्=उत्पादनम् तत्र जरठः=कर्कशः=कठिनः कन्दः=वीजमिव, इति सर्वसंसारवल्लीजरठकन्दः, संसारोत्पादने प्रौढ़मूलरूपः इत्यर्थः। एवंभूतः कोऽपि=अपूर्वः अद्भुतसामर्थ्यशाली, कमिति अव्ययं कुत्सायां, कुत्सितः दर्पः यस्य सः कन्दर्पः। कं=सुखं तत्र तेन व दर्प्यति, इति कन्दर्पः स चासौ देवः इति कन्दर्पदेवः जयति सर्वोत्कर्षेण वर्तते। वसन्तं सहायकं प्राप्य लोकोत्तरं महत् कार्यं कर्तुं यः प्रभवति स सर्वोत्कृष्टोऽतएव

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

नमस्कार्यः। तदनु पुनः=कन्दर्पस्तुत्यनन्तरं पुनः अपकृष्टानि अंगानि येभ्यस्ते अपाङ्गाः=नेत्रान्ताः "अपांगौ नेत्रयोरन्तौ" इत्यमरः। अपांगानाम् उत्संगः=क्रोडस्तत्र संचारितानि=कामिजनं लक्ष्यीकर्तुं प्रवर्तितानि प्रक्षिप्तानीत्यर्थः तेषाम् अपांगोत्संगसंचारितानां तरुण्यः=नवयुवत्यश्च ताः योषितः=सुन्दर्यः तासां लोचनानि=नेत्राणि तेषां तथोक्तानाम्, विलासः=शृंगारभावजः, कटाक्षादिविभ्रमो जयति। अतः सोऽपि स्तुत्यः। वसन्तसहायः नवयुवतिकटाक्षोपकरणः कन्दर्पः सर्वविजयीति सर्वोत्कृष्ट इत्यर्थः। कन्दर्पे कन्दत्वारोपे संसारे वल्लीत्वारोपः कारणमिति अत्र परम्परितरूपकालंकारो वाच्यः। 'ननमयययुतेयं मालिनी भोगिलोकैः' इति लक्षणलक्षितं मालिनीच्छन्दः ॥ २ ॥

हिन्दी—वसन्त जैसे मित्र की सहायता पाकर सारे संसाररूपी लता को उत्पन्न करने में जरठ=कठिन ठोस (परिपक्व) के तुल्य अद्भुत दिव्य सामर्थ्य वाला कामदेव सबसे उत्कष्ट है। और इसके बाद अपांग (आखों की कोर, कोना) में खेलने वाले सुन्दरियों के तिरछी चितवन के विलास की जय हो। अतः ये दोनों स्तुत्य तथा नमस्कार्य्य हैं।

विशेष—पका हुआ ठोस मूल या बीज मिट्टी-पानी पाकर होनहार-सुन्दर लता को पैदा करता है। वैसे ही कामदेव, वसन्त तथा तरुणियों की तिरछी चितवन को पाकर होनहार विचित्र संसार पैदा करता है, अतः सर्वोत्कृष्ट है ॥

कवीनां वाग्विलासा जयन्तीत्युक्तं, तद्गुणान् श्लोकत्रयेण वर्णयति—

अगाधान्तःपरिष्पन्दं विबुधानन्दमन्दिरम्।
वन्दे रसान्तरप्रौढं स्रोतः सारस्वतं वहत् ॥३॥

अन्वयः—अगाधान्तःपरिष्पन्दं रसान्तरप्रौढं विबुधानन्दमन्दिरं वहत् सारस्वतं स्रोतः वन्दे। अहमिति शेषः॥

व्याख्या—अत्र सारस्वतमिति श्लिष्टं पदं तेन सरस्वती वाणी, नदी च गृह्यते तथा च वाणीपक्षे नास्ति गाधः=स्थितिरत्र सोऽगाधः=अर्थगौरवादलब्धमध्यः अन्तः=मध्ये परिष्पन्दः=चारु-चमत्कारपूर्णः स्फूर्तिविशेषो यस्य तत् अगाधपरि-

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

ष्यन्दम्, विशेषेण बुध्यन्ते इति विबुधाः=पण्डिताः देवाश्च तेषाम्–आनन्दः= हर्षः, तस्य मन्दिरं=स्थानमिति तत्। कविभिः रतीविलासेन देवा अपि प्रमुदिताः भवन्ति। रस्यन्ते=आस्वाद्यन्ते इति रसाः। रसानां=शृङ्गारादीनाम् अन्तरेण= विशेषेण प्रौढम् प्रकृष्टम् प्रगल्भमित्यर्थः। अन्तरं व्यवधानं सत्ता वा तेन प्रौढम् "अन्तरमवकाशावधि परिधानान्तर्धिभेद तादर्थ्ये" इत्यमरः। तत् रसान्तरप्रौढं वहत्=प्रवर्तमानम्, एवंभूतम्–सरतीति सरः, सरो ज्ञानमस्ति अस्याः सा सरस्वती, तस्याः इदं सारस्वतं=सरस्वतीसंबन्धि, वाणीसंबन्धीत्यर्थः। स्रोतः =प्रवाहं,चारुचमत्कारिकाव्यप्रवाहमित्यर्थः। अहं वन्दे=प्रणमामि, स्तौमि वा। नदीपक्षे च–अगाधः=अतलस्पर्शः, गभीर इत्यर्थः अन्तः=मध्ये परि=समन्तात् स्पन्दः=संचलनं (आवर्तविशेषः) यस्य तत् अगाधान्तःपरिष्पन्दम्, वीनां=पक्षिणां मध्ये बुधाः=पण्डिताः। पण्डिताः नदीतटे सन्ध्यावन्दनादि नित्यकर्मणा प्रसन्ना जायन्ते। बुधाः=राजहंसाः तेषाम् आनन्दस्य मन्दिरं=स्थानं सरस्वतीनदीतीर-मित्यर्थः। रसायाः=पृथिव्याः अन्तरे=मध्ये प्रौढं=प्रकर्षेण वहत्, इति तत् रसा-न्तरप्रौढम्। सरिद्वरा सरस्वती खलु म्लेच्छदेशे भूमौ गुप्ता सती प्रवर्तते, अन्यत्र प्रयागादौ च पुनरुद्भवतीति लोकप्रसिद्धिः। एवंभूतं सरस्वतीसंबन्धि स्रोतः=प्रवाहं धारामित्यर्थः वन्दे=स्तौमीति। पद्येऽस्मिन् शब्दशक्तिमूलक-ध्वनिना सरस्वतीनदीपरोऽर्थः सूचितः सन् उभयोः वाणीनद्योरुपमानोपमेद-भावमभिव्यनक्ति। अनुष्टुब्छन्दः॥

हिन्दी—वाणीपक्ष–अर्थगौरव के कारण हृदय में विशेष चमत्कार को पैदा करने वाले, तथा पण्डितों और देवताओं के आह्लाद (आनन्द) का स्थान, और शृङ्गारादि नव (नौ) रसों की विशेषताओं से बढ़ा-चढ़ा सरस्वती (वाणी) सम्बन्धी विकसनशील प्रवाह को मैं नमस्कार करता हूँ।

नदीपक्ष–अथाह गहरे जल में तरंगित, भँवर वाले, तथा देवताओं एवं पक्षियों में श्रेष्ठ राजहंसों के आनन्दस्थल (सरस्वती नदी, देवता तथा हंस पक्षियों को विशेष आनन्द देने वाली और पृथिवी के भीतर ही भीतर प्रगल्भता से बहने वाली सरस्वती नदी के प्रवाह को नमस्कार करता हूँ।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

विशेष–सरस्वती नदी प्रायः सर्वत्र पृथिवी के भीतर ही गुप्त रूप से बहती है। वह पवित्रस्थान प्रयागादि में प्रकट होती है। ऐसी लोक में प्रसिद्धि है। इस पद्य में नदीपक्ष में तो प्रवाह नदी का धर्म है अतः विशेषण ठीक घटते हैं। और वाणीपक्ष में दूसरे के धर्म का दूसरे में आरोप होने से लक्षणा से वाणी के निरन्तर निस्सरण में भी स्रोतः शब्द है।

"वाग्विलासाः" इत्यत्र वाचः कीदृश्यः इत्याह—

प्रसन्नाः कान्तिहारिण्यो नानाश्लेषविचक्षणाः।
भवन्ति कस्यचित्पुण्यैर्मुखे वाचो गृहे स्त्रियः॥ ४॥

अन्वयः—कस्यचित् मुखे पुण्यैः प्रसन्नाः कान्तिहारिण्यः नानाश्लेषविचक्षणाः वाचः भवन्ति, तथा कस्यचित् गृहे प्रसन्नाः कान्तिहारिण्यः नानाश्लेषविचक्षणाः स्त्रियः पुण्यैः भवन्ति॥

व्याख्या—कस्यचित्=पुण्यशालिनः धन्यस्य जनस्य मुखे=आनने पुण्यैः=सुकृतैः पावनकर्मभिरित्यर्थः, प्रसन्नाः=ओजोमिश्रितशैथिल्यरूपशब्दगुणोपेताः, समासरहिताश्च, तथा अर्थगुणोपेताः, शब्दार्थगुणोपेता इत्यर्थः। तथा औज्ज्वल्यरूपकान्तिगुणेन हर्तुं=चित्तं वशीकर्तुं शीलं यासां ताः कान्तिहारिण्यः। औज्ज्वल्यरूपशब्दगुणेन दीप्तरसत्वरूपार्थगुणेन च मनोहराः इति यावत्। नाना=बहुविधं, शब्दगुणार्थगुणार्थालंकारशब्दालंकाररूपं चतुर्विधं श्लेषं=श्लेषालंकारं विशेषेण चक्षते=प्रकथयन्ति इति नानाश्लेषविचक्षणाः। वाचः=सूक्तयः भवन्ति। तथा प्रसन्नाः=प्रसन्नचिताः कान्त्या=शरीरसौन्दर्येण लावण्येन च मनः हर्तुं शीलं यासां ताः कान्तिहारिण्यः, मनोज्ञा इत्यर्थः तथा नानाविधे=द्वादशप्रकारके (स्पृष्टक-विद्धक-उद्घृष्ट-पीडन-लतावेष्टक-वृक्षाधिरूढ-तिलतण्डुल-क्षीरनीर-अरूपगूढ-जघनोपश्लेष-स्तनालिंगन-लालाटिकरूपे द्वादशात्मके) आश्लेषे=आलिंगने विचक्षणाः=कुशलाः। स्त्रियः=रमण्यः कस्यचित् पुण्यवतो धन्यस्य गृहे=भवने भवन्ति। नतु सर्वसाधारणस्य मुखे एतादृश्यो वाचः गृहे च स्त्रियो जायन्ते इत्यर्थः।

पद्येऽस्मिन्ननुष्टुप्छन्दः। श्लेषालङ्कारश्च। अत्र वाचः स्त्रिय इव, स्त्रियो वाच इवेति परस्परमुपमानोपमेयभावोऽपि वर्तते।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

हिन्दी—वाणीपक्ष–प्रसन्न–प्रसादगुण युक्त, तथा, औज्ज्वल्य रूप कान्ति गुण के कारण मनोहर सुन्दर, और अनेक प्रकार के श्लेषालङ्कारों को प्रकट करने वाली सुन्दर वाणी किसी धन्य व्यक्ति के मुख में बडे ही पुण्यों से आती है।

स्त्रीपक्ष में–प्रसन्न सदा प्रमुदित खिली रहने वाली और सुन्दरता से मनोहर एवं बारह प्रकार के आलिंगनों में चतुर रमणियां किसी अलौकिक पुण्य से ही पुण्यात्मा के घर आती हैं।

विशेष—प्रसाद-शब्दगुण, अर्थगुण होता है। कान्ति औज्ज्वल्यरूप शब्दगुण, तथा दीप्तरसत्वरूप अर्थगुण होता है श्लेष चार प्रकार का है शब्द-श्लेष, अर्थश्लेष, शब्दालंकार और अर्थालंकार। आलिंगन बारह प्रकार का है।

किं कवेस्तेन काव्येन किं काण्डेन धनुष्मतः।
परस्य हृदये लग्नं न घूर्णयति यच्छिरः॥ ५॥

अन्वयः—कवेः तेन काव्येन किम्? धनुष्मतः तेन काण्डेन च किम्? यत् परस्य हृदये लग्नं सत् शिरः न घूर्णयति॥

व्याख्या—काव्येन बाणेन च कीदृशेन भाव्यमित्याह—किं कवेरिति।

कवते=सर्वं जानाति, श्लोकान् ग्रथते, वर्णयति वा कविः तस्य कवेः=काव्यकर्तुः तेन=तथाभूतेन कवेरिदं कर्म वा काव्यं=रसात्मकं वाक्यं तेन काव्येन किं=किम्प्रयोजनम् अर्थात् व्यर्थं, न किमपि प्रयोजनमित्यर्थः। यत्काव्यं परस्य=अन्यस्य श्रोतुः हृदये=अन्तःकरणे लग्नं=संबद्धं सत् शिरः=मस्तकं न घूर्णयति=न चालयति, अद्भुतचमत्कारेण न चमत्करोतीत्यर्थः। तथा धनुरस्यास्तीति धनुष्मान् तस्य धनुष्मतः=धनुर्धरस्य तेन=तथाविधेन, कनतीति काण्डं तेन काण्डेन=वाणेन "काण्डः स्तम्भे तरुस्कन्धे बाणेऽवसरनीरयो" इति मेदिनी। किं=किम्प्रयोजनम्? यत्=काण्डं परस्य=शत्रोः=वध्यस्येत्यर्थः। हृदये=वक्षःस्थले लग्नं=विद्धं ताडितमित्यर्थः। सत् श्रीयते उष्णीषादिना इति शिरः=मस्तकं न घूर्णयति=न संचालयति। असह्यपीडया नरस्य शिरःप्रकम्पो जायते इत्यभिप्रायः। अत्रानुष्टुप् छन्दः। परस्यात्र श्लेषः।

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

हिन्दी—कवि के उस काव्य से (कविता से) क्या लाभ, जो कविता दूसरे श्रोताओं के हृदय पर लगकर (आनन्दातिरेक-अद्भुत चमत्कार से) शिर को न कँपा देती हो और घनुर्धारी के उस बाण से क्या लाभ जो बाण शत्रु के हृदय में लगकर (पीडा से) शत्रु के शिर को न हिला दे ! अर्थात् असह्य पीड़ा से मस्तक को भन्ना न दे ॥ ५ ॥

अप्रगल्भाः पदन्यासे जननीरागहेतवः ।
सन्त्येके बहुलालापाः कवयो बालका इव ॥ ६ ॥

अन्वय—एके कवयः पदन्यासे अप्रगल्भाः जननीरागहेतवः बहुलालापाः बालकाः इव सन्ति ॥ ६ ॥

व्याख्या—कुकविनिन्दाद्वारा तेषामग्राह्यत्वमाह—एके=केचन कवयः =काव्यनिर्मातारः, पदानां=सुप्तिङन्तानां न्यासः=प्रयोगस्तस्मिन् पदन्यासे-शब्द-प्रयोगकरणे इत्यर्थः । प्रगल्भन्ते इति प्रगल्भाः=प्रत्युत्पन्नमतयः, न प्रगल्भा इति अप्रगल्भाः=अचतुराः प्रतिभाशून्या इति यावत् । तथा जनानां=विद्वज्जनानां नीरागे=रागाभावे हेतवः=कारणमिति जननीरागहेतवः=नहि चारुचमत्कार-शून्यकाव्यमाकर्ण्य रसिकानां केषामपि कश्चित्चमत्कारो जायते, अतो नीराग-हेतुत्वमेवेति भावः । बहून् लातीति बहुलम् । बहुलः=प्रचुरः आलापः= निःसारप्रलापो येषां ते बहुलालापाः(कवयः)पदानां=चरणानां न्यासः=स्थापनं =चलनं तस्मिन् पदन्यासे पादविक्षेपे इत्यर्थः । अप्रगल्भाः=असमर्थाः । जनयति या सा जननी तस्या जनन्याः=मातुः रागः=अनुरागः तस्य हेतवः=कारणमिति जननीरागहेतवः, एतादृशशिशून् दृष्ट्वा माता अनुरागवती भवतीति स्वभावः । तथा बह्वोः=प्रचुराः लालाः=स्यन्दिनीः पिबन्तीति बहुलालापाः अथवा बह्वयः= लाला=अप्स्वरूपा (जलस्वरूपा) येषु ते बहुलालापाः, बहुल आलापो येषां ते बहुलालापान्निस्सारवक्तार इत्यर्थः । बाला एव बालकाः=शिशवः मन्दा इति यावत् इव=यथा सन्ति=वर्तन्ते । पूर्वोक्तविशेषणविशिष्टाः कवयः बालका इव मन्दा भवन्तीत्यतो न तेषां काव्यं ग्राह्यमिति भावः । अत्रालंकारः श्लिष्टोपमा । अनुष्टुप् छन्दः ॥

हिन्दी—कुछ कवि शब्दों के प्रयोग करने में चतुर नहीं होते अतः वे काव्य को सुनने वाले सहृदय लोगों में कविता के प्रति वैराग्य उत्पन्न करने

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

वाले, और बहुत सी व्यर्थ बातों को कहने वाले ठीक उसी प्रकार के होते हैं जैसे कि पैर रखने में (सँभलने में) अनिपुण, और मां के अनुराग (प्रेम) को बढ़ाने वाले, तथा तुतली बातें कहने वाले या लार पीने वाले बालक होते हैं। अर्थात् उन बच्चों के समान वे व्यक्ति भी मन्दमति ही होते हैं। ऐसों के काव्य भी मात्र, अग्राह्य ही हैं ॥ ६ ॥

अक्षमालापवृत्तिज्ञा कुशासनपरिग्रहा ।
ब्राह्मीव दौर्जनी संसद् वन्दनीया समेखला ॥ ७ ॥

अन्वयः—अक्षमालापवृत्तिज्ञा कुशासनपरिग्रहा समेखला दौर्जनी संसद् ब्राह्मी इव वन्दनीया ॥ ७ ॥

व्याख्या—अकारणमेव द्वेषदारुणान् क्षुद्रान् शब्दमात्रेण प्रशंसयन्नाह—न क्षमा अक्षमा, तया अक्षमया=असहनशीलतया क्रोधेनेत्यर्थः य आलापः=संभाषणं तस्य वृत्तिं=व्यवहारं जानाति=वेत्तीति या सा अक्षमालापवृत्तिज्ञा, कुशासनस्य=कुत्सितस्य शिक्षणस्य परिग्रहः=स्वीकारः यस्याः सा कुशासन-परिग्रहा, (खलति या सा, खं=छिद्रं लातीति वा खला) तथा समे=सज्जने साधौ(अपि)खला=दुर्जना इति समेखला, दुष्टानां जनानां=दुर्जनानामियमिति दौर्जनी=दुर्जनसम्बन्धिनी संसीदन्त्यस्यां सा संसद्=सभा=दुर्जनगोष्ठीत्यर्थः, वन्दनीया=नमस्करणीयेत्युपहासवाक्यम्। का इवेत्याह—ब्रह्मणां=ब्राह्मणा-नामियं ब्राह्मी=ब्राह्मणसभा इव=यथा। सापि,अक्षाणां=रुद्राक्षाणां माला=स्रक् तस्याः अपवृत्ति=भ्रमणं=करे संचालनं जपं कर्तुमित्यर्थः जानातीति अक्षमा-लापवृत्तिज्ञा, कुशानां=दर्भाणाम् आसनानि=पीठानि तेषां परिग्रहः=स्वीकारो यस्याः सा कुशासनपरिग्रहा, मखं=गर्ति लातीति मेखला, मेखलया=मौञ्ज्या सहिता=युक्ता इति समेखला, एवंभूता ब्राह्मी संसद् वन्दनीया=नमस्कार्या, स्तोतव्येत्यर्थः। अत्रानुष्टुब् छन्दः। श्लिष्टोपमालङ्कारः ॥

हिन्दी—न सहने योग्य उद्विग्नतापूर्ण बातों (व्यवहारों) को जानने वाली एवं दुष्टजनों के शासन को मानने वाली (खराब बातों को ही अच्छा स्वीकार करने वाली) तथा सम (सज्जन) साधु के प्रति भी दुष्टता करने वाली दुर्जन लोगों की गोष्ठी उसी प्रकार नमस्कार करने योग्य है, जैसे कि

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

रुद्राक्ष की माला के जपने के व्यवहार को जानने वाली, और कुशा के आसन को स्वीकार करने वाली (कुशासन पर बैठने वाली), एवं मूँज की मेखला (तगड़ी) धारण करने वाली ब्राह्मणों की सभा प्रणाम करने योग्य है। अर्थात् अकारण ही दूसरे सज्जनों से द्वेष करने वालों की गोष्ठी को दूर से ही नमस्कार कर देना चाहिये। यहाँ पर केवल शब्दों की समानता दिखलाई गई है ॥ ७ ॥

रोहणं सूक्तरत्नानां वृन्दं वन्दे विपश्चिताम् ।
यन्मध्यपतितो नीचः काचोऽप्युच्चैर्मणीयते ॥ ८ ॥

अन्वयः—सूक्तरत्नानां रोहणं विपश्चितां वृन्दम् (अहं) वन्दे, यन्मध्यपतित नीचः काचः अपि उच्चैः मणीयते ॥

व्याख्या—सहृदयान् विदुषः नमस्करोति—रमयन्ति=हर्षयन्तीति रत्नानि =मुक्तादिमणयः, सूक्तानि=सुभाषितानि एव रत्नानीति तेषां सूक्तरत्नानां= सुभाषितरत्नानां, हीरकादिमणीनां वा, रोहत्यस्मिन्निति रोहणं=जन्मस्थानं विदुराद्रि वा, विशेषं पश्यन्ति, विप्रकृष्टं चेतसि चिन्वयन्ति वा विपश्चितः पण्डिताः तेषां विपश्चितां=कवीनाम्, वृन्दं=समूहं समाजं वन्दे=प्रणामामि,प्रशंसामि च। अहमिति शेषः। येषां=पण्डितानां मध्यं=अन्तरालं पतितः=प्राप्तः =गतः इति यन्मध्यपतितः। कच्यन्ते=वध्यन्ते ग्रथ्यन्ते अनेनास्मिन् वा काचः =प्रबन्धः=काव्यमित्यर्थः। काचः=क्षारमृत्तिकाविशेषः आकारत्वेनास्यास्तीति स काचः=क्षारमृद्विकारश्च नीचः=तुच्छः, उत्कृष्टगुणरहितः अपि उच्चैः =उत्कृष्टो मणीयते==मणिरिवाचरति। सहृदयकविसमाजगतं गुणादिरहितमनुत्कृष्टमपि काव्यं सुव्याख्यानेन समालोचनया चोत्कर्षं प्राप्नोति तथा यथा हीरकादिमध्यगतः तुच्छोऽपि काचः उत्कृष्टमणितां प्राप्नोतीत्यर्थः। अस्मिन् पद्ये विद्वद्रोहणपर्वतयोः उपमानोपमेयभावो व्यज्यते। वृत्तञ्चानुष्टुप्।

हिन्दी—सुन्दर मनोहारी सुभाषित रत्नों के उत्पत्तिस्थान उन विद्वानों के समाज (समूह) को मैं प्रणाम करता हूँ। जिस समाज के बीच में गया हुआ, सामान्य काव्य (प्रबन्ध) भी उनकी सुन्दर व्याख्या एवं आलोचना से उत्कृष्ट हो जाता है। जैसे अच्छे रत्नों को उत्पन्न करने वाले, रोहणाद्रि

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

पर्वत की मैं प्रशंसा करता हूँ, जिसके बीच में पड़कर तुच्छ काँच भी उत्कृष्ट मणि के समान दीखता है ॥८॥

अत्रिजातस्य या मूर्तिः शशिनः सज्जनस्य च ।
क्व सा वै रात्रिजातस्य तमसो दुर्जनस्य च ॥ ९ ॥

अन्वयः—अत्रिजातस्य शशिनः अत्रिजातस्य सज्जनस्य च या मूर्तिः (भवति) सा वैरात्रिजातस्य तमसः त्रिजातस्य दुर्जनस्य च क्व ?

व्याख्या— सज्जनदुर्जनपुरुषयोर्महदन्तरमिति निरूपयति—अत्रेः=अत्रिनाममहर्षेः जातः=उत्पन्नस्तस्य अत्रिजातस्य==अत्रिनेत्रोत्पन्नस्येत्यर्थः । शशिनः=चन्द्रस्य त्रिभिः जातः=उत्पन्नस्त्रिजातः न त्रिभिः जातः अत्रिजातस्तस्य अत्रिजातस्य=एकेनैव पित्रा उत्पन्नस्य कुलीनस्येत्यर्थः । सज्जनस्य=सत्पुरुषस्य या=अवैरा, प्रसन्ना, कल्याणस्वरूपा मूर्तिः=शरीरं भवति सा=प्रसन्ना मूर्तिः रात्रौ=निशायां जातः उत्पन्नः तस्य रात्रिजातस्य तमसः=अन्धकारस्य त्रिभिः जातस्तस्य त्रिजातस्य=अनिश्चितपितुः, जारजस्येत्यर्थः । दुष्टो जनः दुर्जनस्तस्य दुर्जनस्य=खलस्य "पिशुनो दुर्जनः खलः" इत्यमरः । असज्जनस्येत्यर्थः । क्व=कुत्र भवतीति शेषः । यतः दुर्जनस्य मूर्तिः वैरा=वैरप्रधाना भवति । चन्द्रस्य वैरमस्या अस्तीति वैरा, अर्श आदिभ्योऽजिति सूत्रेणाच् प्रत्ययः, साधोश्च सा मूर्तिः अवैरा प्रसन्ना वात्सल्यपूर्णा च भवति इति महदन्तरमनयोरिति भावः ।

अत्रानुष्टुब् छन्दः । चन्द्रसाध्वोः, तमोदुर्जनयोश्च परस्परमुपमानोपमेयभावो व्यज्यते ॥ ९ ॥

हिन्दी—महर्षि अत्रि के नेत्र से उत्पन्न चन्द्रमा, तथा तीन से न उत्पन्न होने वाले (अत्रिजात) सत्कुलीन सज्जन की प्रसन्न एवं वात्सल्यपूर्ण मूर्ति कहां, और रात में उत्पन्न होने वाले अन्धकार तथा वैरप्रधान तमोगुणी एवं तीन से (जार से) उत्पन्न होने वाले (त्रिजात) दुर्जन की असौम्य क्रूर मूर्ति कहां ! अर्थात् सत्कुलीन तथा वर्णसंकर में बड़ा ही भेद है, इनके स्वरूपों में भिन्नता है और गुणों में महान् भेद होता है । अतः दुर्जन मेरे काव्य में भी दोष देखेगें ॥ ९ ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

निश्चितं ससुरः कोऽपि न कुलीनः समेऽमतिः।
सर्वथासुरसम्बद्धं काव्यं यो नाभिनन्दति ॥ १० ॥

अन्वयः—यः सर्वथा सुरसंबद्धं काव्यं न अभिनन्दति, सः निश्चितम् (एव) कोऽपि ससुरः, न कुलीनः समे अमतिः, (भवति)। (पक्षान्तरे)—यः सर्वथा असुरसंबद्धं काव्यं न अभिनन्दति, सः कोऽपि निश्चितमेव न कुलीनः समेमतिः भवतीति ।

व्याख्या—यो हि सरसं रमणीयार्थप्रतिपादकमपि काव्यं नाभिनन्दति, स मद्यपमिवोपेक्षणीय इत्याह—यः=जनः सर्वथा=सर्वप्रकारेण रस्यन्ते=आस्वाद्यन्ते इति रसाः सु=शोभनाः रसाः=शृङ्गारादयो यत्र काव्ये तत् सुरसं तत्, बद्धं=रचितं काव्यं=कविकर्म, ग्रन्थमित्यर्थः। न अभिनन्दति=नहि प्रशंसति सः=जनः निश्चितं=नियतम्, निश्चितरूपेणेत्यर्थः। कोऽपि=कश्चन सुरया=मद्येन सहितः ससुरः=मद्यपः, कुलस्यापत्यं कुलीनः न=नहि सत्कुलोत्पन्नः समे=साधुपुरुषे न मतिर्यस्य सः अमतिः=बुद्धिशून्यः, विरुद्धमतिर्भवतीत्यर्थः। **अपरपक्षे**—यो जनः=पुरुषः सर्वप्रकारेणेति सर्वथा न सुराः असुराः, असुरैः=दैत्यैः संवद्धं=संबन्धिनं=मिलितं कवेः अपत्यं काव्यस्तं काव्यं=शुक्राचार्यं 'शुक्रो दैत्यगुरुः काव्य उशना भार्गवः कविः' इत्यमरः। न अभिनन्दति=न स्तौति निश्चितमेव स कोऽपि=कश्चन अपूर्वः जनः कौ=पृथिव्यां लीनः=आश्रितः इति कुलीनः=पृथिवीनिवासी न, अपितु स्वर्गस्थ एवेत्यर्थः। तथा मा=लक्ष्मीः इः=कामस्ताभ्यां सहितः=युक्तः समेः=विष्णुस्तस्मिन् मतिः=भक्तिर्बुद्धिर्यस्य स समेमतिः=विष्णुभक्तः स सुरः=देवः भवति। अर्थात् अकुलीनो मद्यप एव सरसं रमणीयं काव्यं प्रशंसति तथा कुलीनो विष्णुपक्षीयः सदा शुक्राचार्यं (काव्यं) नाभिनन्दतीति भावः। अत्रानुष्टुप् छन्दः ॥

हिन्दी—सुन्दर शृङ्गारादि रसों से परिपूर्ण काव्यबन्ध (कवि की रचना) की प्रशंसा जो मनुष्य नहीं करता है, वह निश्चित ही अकुलीन (वर्णसंकर) तथा शराबी है और सत्पुरुषों से प्रेम नहीं करता है। यह तो काव्यपक्ष हुआ।

शुक्राचार्यपक्ष—जो सर्वदा असुर दैत्यों से संवद्ध **कविपुत्र** शुक्राचार्य का अभिनन्दन नहीं करता वह निश्चय ही कोई देवता है और वह पृथिवी

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

में लीन (आश्रित) नहीं रहता; अर्थात् वह स्वर्ग में रहता है। लक्ष्मी (मा) कामदेव (इ) के साथ रहने वाले भगवान् विष्णु में बुद्धि विश्वास रखता है। विष्णु की लक्ष्मी पत्नी है, तथा कामदेव (प्रद्युम्न) पुत्र है। अतः साथ रहना उचित है ।।१०।।

सदूषणापि निर्दोषा सखरापि सुकोमला।
नमस्तस्मै कृता येन रम्या रामायणी कथा ।।११।।

अन्वयः—येन सदूषणापि निर्दोषा, सखरा अपि सुकोमला, रम्या रामायणी कथा कृता, तस्मै नमः ।।

व्याख्या—आदिकवि भगवन्तं प्राचेतसं नमस्कुर्वन्नाह—दूषयतीति दूषणः, तेन दूषणेन=दोषेण सहिता सदूषणा=सदोषा अपि=विरोधे दोषेभ्यो निर्गता इति निर्दोषा, सदोषा निर्दोषा इति विरोधः। दूषणेन=रावणभ्रात्रा, राक्षसेन सहिता, इति परिहारः। रामायणे दूषणः खरसेनापतिरासीदिति कथा। खं=मुखकुहरं=छिद्रमतिशयेनास्यास्तीति खरः=कठिनं राक्षसश्च,खरेण=कठिनार्थकेन सहिता सखरा=काठिन्यार्थदोषयुक्ता अपि सुष्ठु कोमला=मृदुला इति सुकोमला कठोरतापूर्णापि सुकोमला इति विरोधः। खरेण=एतन्नामकराक्षसेन सहिता सखरा इति परिहारः। खरोऽपि जनस्थानरक्षकः सेनापतिरिति। एवंभूता रम्या=रमणीया अतिमनोहरा, रामस्य चरितान्वितं (काव्यं शास्त्रं) रामायणं तस्येयं रामायणी=रामचरितसंबन्धिनी, कथा=प्रबन्धरचना रामायणनाम्नीत्यर्थः कृता=विरचिता, निर्मिता येन=आदिकविना प्राचेतसा वाल्मीकिना, तस्मै=आदिकवये नमः=नमस्कुर्वे। अहं ग्रन्थकारः इति शेषः। अत्र विशिष्ट-विशेषणवशात् अनुक्तमपि वाल्मीकिनाम प्रतीयते। अत्रालंकारो विरोधाभासः, अनुष्टुब् छन्दश्च।

हिन्दी—जिस महाकवि ने दोषवाली होने पर भी दोषरहित तथा कठिन रूक्ष होने पर भी सरल कोमल मनोहर रमणीय रामायण की कथा बनायी, उस (महाकवि वाल्मीकि) को मैं प्रणाम करता हूँ। यहाँ पर दोषयुक्त एवं निर्दोष का तथा खर=कठोर एवं कोमल का आपाततः विरोध है। **परिहारपक्ष**—दूषण तथा खर शब्द से दूषणनामक राक्षस रावण का

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

भाई तथा खरनामक राक्षस से तात्पर्य है। अर्थात् इस कथा में खरदूषण राक्षसों का वर्णन है। जिसने ऐसे घोर भयंकर राक्षसों के उग्र तथा अनौचित्य प्रचुर चरित्रों के चित्रण करने में भी काव्य की रमणीयता अक्षुण्ण रखी वे महाकवि अवश्यमेव प्रणम्य हैं ॥ ११ ॥

व्यासः क्षमाभृतां श्रेष्ठो वन्द्यः स हिमवानिव।
सृष्टा गौरीदृशी येन भवे विस्तारिभारता ॥१२॥

अन्वयः—**हिमवान् इव क्षमाभृतां श्रेष्ठः सः व्यासः वन्द्यः, येन भवे ईदृशी विस्तारिभारता गौः सृष्टा ॥**

व्याख्या—महाभारतप्रणेतारं भगवन्तं वेदव्यासं स्तौति—हिममस्यास्तीति हिमवान्=हिमालय इव=यथा क्षमणं सहनं क्षमा, क्षमते क्षम्यते वा क्षमा, क्षमां=पृथिवीं, तितिक्षां=शान्ति बिभ्रति इति क्षमाभृतः तेषां क्षमाभृतां=पर्वतानां, तितिक्षावतां च श्रेष्ठः=उत्तमः "क्षमा तितिक्षा चेति" धरणिकोषः। सः=अष्टादशपुराणकर्तृत्वेन प्रसिद्धः, व्यस्यति वेदानिति व्यासः=सत्यवतीसुतः कृष्णद्वैपायनः वन्द्यः=वन्दनीयः नमस्करणीय इत्यर्थः। येन=हिमवता भगवता व्यासेन च भवति, भवन्ते वा प्राप्नोति सर्वमिति भवः तस्मिन्, भवे=संसारे शिवे च "भवः क्षेमेशसंसारे सत्तायां प्राप्तिजन्मनोः" इति कोषः। ईदृशी=लोकोत्तरा, विलक्षणा च विस्तारिणी=विस्तरणशीला, भा=कान्तिस्तेजो यस्याः सा विस्तारिभा शिवेरता=अनुरक्ता च, (गौरी) विस्तारि=प्रसरणशीलं भारतं=महाभारतनामकग्रन्थः यस्याः सा इति विस्तारिमहाभारता गौः=वाणी, गौरी=पार्वती च सृष्टा=रचिता, उत्पादिता। हिमवता पार्वती उत्पादिता, व्यासेन च महाभारतरूपा वाक् रचिता, इति भावः। अत्रालंकारः श्लिष्टोपमा। वृत्तं पूर्ववत्।

हिन्दी—जैसे पर्वतों में उत्तम हिमालय वन्दनीय है। वैसे ही क्षमा तितिक्षाशील पुरुषों में उत्तम वेदव्यास जी भी प्रणाम एवं स्तुति के योग्य हैं। हिमालय ने संसार में विकसनशील विशालकान्ति वाली तथा शिव में अनुरागवाली गौरी को पैदा किया। एवं व्यास जी ने भी संसार में विशाल महाभारतरूपी वाणी की रचना की (महाभारतकथा लिखी) है ॥ १२ ॥

CC-0. Agamnigam Digital Preservation Foundation, Chandigarh.

कर्णान्तविभ्रमभ्रान्तकृष्णार्जुनविलोचना ।
करोति कस्य नाह्लादं कथा कान्तेव भारती ।। १३ ।।

अन्वयः—कर्णान्तविभ्रमभ्रान्तकृष्णार्जुनविलोचना, कान्ता इव, भारती कथा कस्य आह्लादं न करोति ।।

